सार-समाचार

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज (गिट्स) डबोक, उदयपुर में आई.ई.ई.ई. दिवस के अवसर पर आई.ई.ई.ई. स्टुडेंट चेप्टर एवं इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेषन इन्जिनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रकल एण्ड इलेक्ट्रोनिक्स इन्जिनियर्स (आई.ई.ई.ई.) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि आई.ई.ई.ई. एक टेक्नीकल एवं प्रोफेशनल सोसायटी हैं जो टेक्नोलॉजी रिसर्च और इनोवेशन को आगे बढाने का काम करती है। यह युनाइटेड स्टेट आधारित सबसे बडी संस्था हैं जो इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स, कम्प्युटर इन्जिनियरिंग सहित वैश्विक बाजार के सभी इन्जिनियरिंग उत्पादों का मानक तैयार करती हैं। इस प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य छात्रों के ज्ञान एवं समझ को तकनीकी और वैष्विक क्षैत्रों में बढाना था। जिससे वे भविश्य में इन्जिनियरिंग के क्षेत्र में एक सफल प्रोफेशनल बन सके। इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इन्जिनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप के अनुसार इस तकनीकी प्रतियोगिता में 10 टीमों सहित कुल 30 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न चरणों में हुई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी प्रीत टाक, किशन सिंह एवं परविंदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय कला उत्सव संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश रावल की अध्यक्षता एवं प्रधानाचार्या राउमावि पुनाली दीपिका जोशी के मुख्य अतिथ्य में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। प्रारंभ में मेजबान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद यादव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यऋम में जिले से 185 छात्र और छात्राओं ने कुल छह श्रेणियों में भाग लिया। कार्यऋम का समापन समारोह एपीसी समग्र शिक्षा लोकेश चौबीसा की अध्यक्षता एवं कार्यऋम अधिकारी रामलाल यादव के मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यऋम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक संजय चौबीसा एवं आभार प्राध्यापक विजय कुमार जोशी ने ज्ञापित किया। परिणाम इस प्रकार रहे:-6 श्रेणियों में से संगीत गायन में सुनील ढोली, अमित ढोली,रौनक डामोर श्रवण ढोली, समूह एमजीजीएस सागवाडा ने प्रथम स्थान प्रशांत बैरागी, राउमावि जोगीवाडा ने द्वितीय तमन्ना ढोली, राउमावि पुनाली तृतीय स्थान, श्रेणी संगीत वादन में वीरेंद्र नट राउमावि बनकोडा प्रथम, ललित रोत, महेश रोत, सुनील रोत के समूह राउमावि हिराता ने द्वितीय, लवी ढोली राउमावि सुरपुर ने तृतीय स्थान, श्रेणी नृत्य में धर्मिष्ठा परमार,संजना पाटीदार, रीना पाटीदार के समूह राउमावि पुनाली ने प्रथम स्थान, सोना कटारा, अंजलि कटारा, रेखा कटारा, पूजा कटारा, मोहिनी कटारा के समूह राउमावि माथुगामडा पाल ने द्वितीय, वैष्णवी, काजल भाटिया, हिमानी पाटीदार, वीना मीणा, सिद्धि परमार, के समूह राउमावि बनकोडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यकारिणी घोषित

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिला अग्रवाल महिला समिति की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में सुशीला गुप्ता अध्यक्ष, अंजना मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीतू गुप्ता महामंत्री, नीलम अग्रवाल कोषाध्यक्ष, पीनू अग्रवाल सह मंत्री, सुषमा झुनझुनवाला, सह कोषाध्यक्ष, शारदा अग्रवाल उपाध्यक्ष, रितु अग्रवाल फतेहनगर उपाध्यक्ष, रितु अग्रवाल उदयपुर उपाध्यक्ष, निकिता अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री, आशा अग्रवाल संगठन मंत्री, रेखा अग्रवाल प्रचार प्रसार मंत्री, सपना गुप्ता, मीता गोयल, कुसुम मेडतिया, बबीता खेतान, सुधा अग्रवाल संरक्षक, तथा संतोष अग्रवाल, अनिता भंडारी, गीता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, चित्रा अग्रवाल, संतोष पित्ती, लीना अग्रवाल, प्रिया मित्तल, जया अग्रवाल, कमलेश गुप्ता, मनीता गुप्ता, सोनाली बंसल, कुसुम गोयल, मंदाकिनी अग्रवाल, रमा मित्तल, हेमा टेग्या, प्रतिमा अग्रवाल, लता अग्रवाल, बबीता मंगल, अश्विनी बंसल, कविता एरन, शशि मोर फतेह नगर, सपना अग्रवाल फतेह नगर, अनीता अग्रवाल फतेह नगर और दीपिका अग्रवाल सदस्य बनाए हैं।

अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक कालेज ऑफ टीचर्स एज्यूकेशन में आज अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित हुआ मुख्य अतिथि श्री वी. के. यादव जिला समन्वयक समग्र शिक्षा एवं अध्यक्ष प्रो. हेमन्त कोठारी प्रेसिडेंट पाहेर यूनिवर्सिटी थे। कार्यक्रम में सभी नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत गुड, धनिया एवं तिलक लगाकर किया गया, प्रो. हेमन्त कोठारी ने छात्रो को नवीन पाठ्ध्यक्रम में प्रवेश हेतु बधाई शुभकामनायें देते हुए कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज व देश निर्माण में अति महत्वपूर्ण होती है। राष्ट्र का उत्थान शिक्षक का प्रथम दायित्व होता है। साथ ही डीन डॉ. खेल शंकर व्यास, (षिक्षा संकाय) डॉ. रामेश्वर आमेटा। (डीन विज्ञान संकाय) डॉ. कपिलेश तिवारी (प्राचार्य षिक्षा संकाय) , डॉ. हेमन्त पण्ड्ध्या (प्राचार्य शारीरिक षिक्षा संकाय), विद्यमान रहे धन्यवाद डा. शीला सालवी ने व्यक्त किया कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य विद्यमान थे।

62 लाख 50 हजार पॉलिथिन को सवा लाख बोतलों में किया बंद

राजसमंद,०(निसं)। जिले में स्वच्छता की 4पी अवधारणा प्लास्टिक हटाओ, पेड लगाओ, पानी बचाओ एवं पर्यावरण को सुंदर बनाओ पर नवाचार किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण परियोजना के तहत ओडीएफ प्लस गांवों में दृश्यमान स्वच्छता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजित की जा रही है। इसी के तहत जिले में बाहसठ लाख पच्चास हजार सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को सवा लाख प्लास्टिक बोतलों में बंद कर प्लास्टिक के सुरक्षित निपटान के लिये कार्य किया गया है।

राजसमंद जिले में स्वच्छता की 4पी अवधारणा पर नवाचार के तहत बोतलों में सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करते जिला स्तरीय अधिकारी।

- **राजसमंद जिले में स्वच्छता की 4पी अवधारणा पर किया जा रहा नवाचार**

जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण नानालाल सालवी ने बताया कि इन प्लास्टिक बोतलों को संकलित कर 2 अक्टूबर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में पायलट रूप में कोई एक वेस्ट टू आर्ट गतिविधि की जा रही है। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक से भरी इन बोतल से पेडों के चारों ओर चबूतरा, ट्री गार्ड, टेबल, कुर्सी, मुड्डे, ब्रेंच आदि बनाये जा रहे हैं।

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिला परिषद सीईओ बृज मोहन बैरवा ने जिले में नवाचार करते हुए स्वच्छता के लिए 4पी पर काम करना शुरू किया है। जिसकी थीम प्लास्टिक हटाओ, पेड लगाओ, पानी बचाओ एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है। इसके लिए जिले में सीईओ बृज मोहन बैरवा ने ग्राम पंचायत कोठारिया, बागाना, विजयपुरा व गवारडी में जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणो को इस के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया है।

जिले की ग्राम पंचायत लाल मादडी से कलक्टर बालमुकुंन्द असावा ने पंचायतों में विजुअल क्लिननेस के लिए स्वयं हाथ में झाडू उठा पंचायत मुख्यालय के मुख्य मार्गो की स्थानीय ग्रामीणो के साथ मिलकर सफाई कर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में दृश्यमान स्वच्छता अभियान की शुरूआत की एवं ग्राम पंचायत द्वारा कचरे से कला के तहत पेडों के चारों ओर प्लास्टिक बोतलों से बनाये ट्री गार्ड, चबूतरों आदि की सराहना की तथा इस तरह की गतिविधियां सभी पंचायतों में भी किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

विजुअल क्लिननेस के लिए जिले में अब तक भरी गई बोतलों की पंचायत समितिवार संख्या आमेट-10400, भीम-23000, देलवाडा-11000, देवगढ-12300, खमनोर-18000, कुम्भलगढ-18160, रेलमगरा-14250, राजसमंद-18000 सहित कुल 125110 बोतलें जिले में एकत्रित की जा चुकी है। बोतलों से बनेगा सेनिटेशन पार्क एवं लिखा जाएगा आई लव राजसमंद।जिले की पंचायत समिति खमनोर में स्थित कचरा संग्रहण केन्द्र के पास इन सिंगल यूज प्लास्टिक बोतलों से वेस्ट टू आर्ट के तहत सेनिटेशन पार्क एवं पंचायत समिति राजसमंद मुख्यालय पर इन बोतलों से आई लव राजसमंद लिखा जाकर वेस्ट टू आर्ट के तहत नवाचार किया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा 2०24 अभियान अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार श्रेणी में सराहनीय कार्य करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजसमंद जिले को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह सम्मान जिला परिषद सीईओ बृज मोहन बैरवा ने ग्रहण किया एवं जिला समन्वयक नानालाल सालवी ने समारोह में भाग लिया।

सांवलिया जी सेठ के भंडार से मिले 17 करोड़ रुपए

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 1 अक्टूबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती चौथे चरण में संपन्न हुई। भंडार की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में हुई।

मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चौथे चरण में हुई भंडार गिनती में 30 लाख 30 हजार 53 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई गिनती में 13 करोड़ 04 लाख 49 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि चारों चरणों की गिनती को मिलाकर

- **साथ ही साढ़े 88 किलो चांदी व एक किलो 57 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ**
- **भंडार की शेष रही राशि की गिनती चौथे चरण में संपन्न**

कुल 13 करोड़ 34 लाख 79 हजार 553 रुपए की नगद प्राप्त हुए। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 195 ग्राम सोना व 36 किलो 15 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि



भंडार गिनती में उपस्थित निवर्तमान मुख्य निष्पादन अधिकारी हर्ष व मंदिर बोर्ड अध्यक्ष गुर्जर व पदाधिकारी।

विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 862 ग्राम 500 मिली ग्राम सोना व 52 किलो 662 ग्राम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 03 करोड़ 64 लाख 01 हजार 373 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 16 करोड़ 98 लाख 80 हजार 926 रुपए का नगद चढ़ावा मिला। इस मौके पर सांवलिया जी मंदिर मंडल के निवर्तमान मुख्य निष्पादन अधिकारी ओ पी हर्ष ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर भंडार गिनती का अवलोकन किया। भंडार गिनती में भादसोड़ा नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी राघव शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, दीपक तिवारी सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

सार-समाचार

शिविर में सैकड़ों रोगियों की जांच

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार ने जन सामान्य के स्वास्थ्य की देखभाल व बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए गत दिनों संभाग के बडे मेडिकल कॉलेज पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पिम्स हॉस्पिटल) उमरडा के साथ एक वर्ष के लिए अनुबंध किया था। इसके अंतर्गत द्वितीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर वार्ड 41 पुरोहितों की मादडी स्थित सनशाइन सेकेंडरी स्कूल में लगाया गया। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई जिन्हें पिम्स हॉस्पिटल के स्त्री रोग विभाग की डॉ. चारुलता, बालरोग विभाग के डॉ. राहुल खत्री, आँख नाक गला विभाग के डॉ. नबील, दंत चिकित्सक डॉ. साईं, मानसिक रोग विभाग की डॉ. दिव्या, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. उदित, अस्थि रोग विभाग की डॉ. करीना, व बाल चिकित्सक डॉ. सत्यमूर्ति ने परामर्श दिया। स्कूल शिक्षा परिवार के संभागीय महामंत्री भवानीप्रताप सिंह झाला ने बताया कि पिम्स हॉस्पिटल उमरडा के साथ हुए अनुबंध के अंतर्गत द्वितीय चिकित्सा शिविर पिम्स का शुभारंभ मेवाड क्षत्रिय महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष अशोकसिंह मेतवाला, क्षेत्रीय पार्षद कमलेश मेहता, स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग प्रभारी सीपी रावल, उदयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन विजेंद्रसिंह सारंगदेवत, राजस्थान इंटक के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश व्यास, स्कूल शिक्षा परिवार के संभागीय अध्यक्ष गिरीश जोशी, विद्यालय प्रधानाध्यापिका संध्या सारंगदेवत, स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष कपिल शर्मा, दिलीप आमेटा, शिविर संयोजक अनुभव गौड ने दीप प्रज्वलित कर किया। संध्या सारंगदेवोत ने बताया कि शिविर में निःशुल्क पारिवारिक आभा आईडी सुविधा कार्ड भी उपलब्ध कराये गए। आभा कार्ड सरकार द्वारा चलाई योजना है जिसमें सभी रोगियों का डिजिटल डाटा स्थाई रूप से सुरक्षित रहता है।

चंदन पेड़ चोर गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। गार्ड को बंधक बना गुलाब बाग से चंदन पेड़ काट कर चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 17 जुलाई को पीडत दशरथ सोनी पुत्र चान्दमल सोनी निवासी ब्रम्हपोल हॉल गार्ड गुलाब बागक ने रिपोर्ट दी। जिसमें पीडित ने बतातया कि मेरा सहकर्मी राजकुमार कुमावत दोनों रात में गुलाब बाग में ड्यूटी पर थे। रात में मुंह पर कपड़ा बांध कर आए 6 अज्ञात व्यक्ति ने दोनों को धारदार हथियार दिखा कर बंधक बना दिया तथा मुख्य गेट के पिछे ले जाकर बिठा दिया। इस दौरान कुद बदमाशों ने पार्किंग में लगे दो बडें चंदन के पेड़ काट चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस आीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक दगन पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह चौहान मय टीमत ने हाकिम खां उर्फ छोटू खां पुत्र अजीज मोहम्मद निवासी बावड़ी दरवाजानिकुम्भ थाना निकुम्भ चित्तोड़गढ को बाद पूछताछ गिरफ्तार किया।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने पीडित की रिपार्ट पर दा बहनो व परिजनों के खिलाफ जमीन बेचने का झासा देकर नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस स प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दवीलाल पुत्र पुरीलाल डांगी निवासी डांगलियों की मगरी भुवणा सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि लखावली निवासी गायत्री , मनोरमा पुत्री पन्नालाल ब्राम्हण व अन्य क खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमं पीडित ने बताया कि 4 अक्टूबर 2016 को आरापियों स जमीन खरीदने का एठिंट हुआ। जिसक अनुसार भूखण्ड बेचन का सौदा 55 लाख में तय हुआ था भूखण्ड को लेकर छौटा मोटा विवाद हाकर उसके सुलजारा हान पर रजिस्ट्री कराना तय किया। इस मामले में सौदा तय होने पर 10 लाख का भुगातन कर एठीमेंट किया। कुछ समय बाद संपर्क किया ो आरोपी गायत्री के पति सर्वेश दवे न भगवीप्रसाद उर्फ भावेश के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली।

छात्रसंघ ने दिया कुलपति को ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील सुरावत के नेतृत्व में विभिन्न मांगों के संबंध में कुलपति को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में एलएलबी द्वितीय व तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी करने, द्वितीय व तृतीय वर्ष की मान्यता, वेद विद्यापीठ की मान्यता जल्द से जल्द दिलवाने की मांग की गयी वहीं मान्यता को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की भी मांग की गयी। इन लोगों ने दो दिन में परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग करते हुए आंदोलन की भी चेतावनी दी। जिस पर विवि प्रशासन ने 2 दिन के अंदर परीक्षा परिणाम जारी करने एवं एलएलबी द्वितीय व तृतीय वर्ष की मान्यता जल्द लाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला संयोजक आनंद निनामा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भवानी निनामा, छात्र नेता राहुल डिंडोर, मिलन पंड्या, राहुल गणावा आदि शामिल रहे।

विश्व मानक दिवस-2024 के उपलक्ष्य में "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" का आयोजन

जयपुर/उदयपुर, (कासं)। विश्व मानक दिवस-2024 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखड़िया विश्विवद्यालय (एमएलएसयू), उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में सात अक्टूबर एक "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" का आयोजन किया गया।

कॉन्क्लेव का विषय, "बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि : एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बिुनयादी ढांचा) का समावेश," मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण, समावेशी और सतत औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना, और

- **उदयपुर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़ व राजसमंद के 200 से अधिक हितधारक हुए शामिल**

नवाचार को प्रोत्सिाहत करने पर केंद्रित था। कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, मुख्य अतिथि, कनिका कालिया, निदेशक और प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान, एमएलएसयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय की निदेशक प्रो. मीरा माथुर और डॉ. अविनाश पंवार, नोडल अधिकारी, आईईटी और निदेशक, कंप्यूटर केंद्र, एमएलएसयू भी कायर्क्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने

गुणवत्ता और मानकीकरण के लिए कटिबद्ध होने के लिए शपथ दिलवाई।

कहा कि हमें अपने देश में गुणवत्ता और मानकीकरण को बढ़ावा देते हुए 21 शताब्दी को भारत के स्वर्णिम काल में बदलना है और मानक इसमें अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भारतीय मानक ब्यूरो के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने राष्ट्रीय मानकों पर गर्व होना चाहिए जो हमारे जीवन को सरल और सुरिक्षत बनाते है। अंत में उन्होंने सभी आमजन और इंडस्ट्री के लोगों को इस हेतु सतत प्रयास करने का आव्हान किया ताकि उदयपुर के सभी उद्योग जिसमें पयर्टन भी शामिल है अपने उत्पाद और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए विश्वविख्यात हो जाये। उनके सानिध्य में सभी आगंतुकों को गुणवत्ता और मानकीकरण के लिए कटिबद्ध होने हेतु शपथ भी दिलवायी गयी। कनिका कालिया ने कहा कि इस स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव को आयोजित करने का मुख्य मंतव्य, मानकीकरण और गुणवत्ता की महत्ता को सभी हितधारकों में संविधर्त करना था ताकि मानकों की भूमिका के प्रति अधिक ध्यानाकर्षित किया जा सके। प्रो. मीरा माथुर ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की राष्ट्रीय मानकीकरण में महती भूमिका की सराहना करते हुए शैक्षिणक संस्थानों को मानकीकरण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आव्हान किया। डॉ. अविनाश पंवार ने कहा कि बीआईएस मानक क्लब गतिविधि से छात्रों में मानकों के प्रति जिज्ञासा में संवर्धन हुआ है जो आने वाले वर्षों में मानकों की बेहतरी के लिए अत्यंत फलदायी होगा। आभार प्रफुल्ल कोठारी, एमएलएसयू ने माना। तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ताओं आशु गुप्ता, वाइस प्रेजिडेंट, इंडियन सोसाइटी फॉर हीटिंग, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशिनंग ने एचवीऐसी से सम्बंधित मानकों और नयी तकनीकों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर एसडीजी-9 के लक्ष्यों को अर्जित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भारतीय मानक ब्यूरो, मेसर्स सिक्योर मीटर्स मेसर्स हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिभागियों ने भी अपने तकनीकी प्रेजेंटेशन दिए।

रग्बी प्रतियोगिता में राजसमन्द सेमीफाइनल मे

देवगढ़, (निसं)। कुचेरा मुंडवा नागौर में आयोजित हो रही 68वी राज्य स्तरीय 17 वर्ष व 19 वर्ष वर्ग की छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में राजसमन्द जिले की 17 वर्ष छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।टीम के मुख्य कोच जितेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 वर्ष छात्रा ने क्वार्टर फाइनल मैच में जयपुर शहर को 10-0से हराया राजसमन्द टीम की तरफ से कविता स्वादरी व मीना कीर ने 1-1ट्राई किया।कोच गोपाल सिंह शेखावत व चैन सिंह रावत के अनुसार 17 छात्र ,19वर्ष छात्रा व 19 वर्ष छात्र की टीम ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।ज्ञात रहे कि राजसमन्द टीम ने अपने पहले के सारे मैच भी एक तरफा जीतते हुए अगले दौर में प्रवेश किया है।राजसमन्द रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव नितिन तिवारी के अनुसार स्वादडी विद्यालय की कविता ने प्रत्येक मैच में टीम की तरफ से ट्राई कर टीम को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।टीम के इस प्रदर्शन पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा ,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राजेन्द्र गग्गड,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार व्यास,उप जिला शिक्षा अधिकारी शारिरिक शिक्षा बाल मुकुंद वैष्णव,खेल केंद्र के प्रभारी मुकेश पालीवाल,श्याम सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सिंह,ने टीम को शुभकामनाएं दी।

अगले सत्र से पेपरलैस होगी राजस्थान विधानसभा : देवनानी

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में कई नवाचार किए जा रहे हैं। अगले सत्र से प्रदेश की विधानसभा पूरी तरह से पेपरलैस होगी। इसके लिए सदन में तकनीकी कार्य चल रहे हैं।

देवनानी उदयपुर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मीडिया को अवगत कराया कि विधानसभा में प्रत्येक विधायक की टेबल पर आईपेड सेट किए जा रहे हैं। इसके अलावा एक-एक आईपेड विधायकों को भी दिए जाएंगे ताकि वे अपने निवास से भी सदन से जुडे कार्य कर सकें। पेपरलैस व्यवस्था के तहत प्रश्न लगाने, जवाब देने से लेकर सभी कार्य ऑनलाइन ही संपादित किए जाएंगे। इसके अलावा विधायकों द्वारा सदन में बोलने पर त्वरित रूप से उन्हें पैनड्राईव में प्रोसेडिंग भी उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी है।

उन्होंने अवगत कराया कि राजस्थान की विधानसभा तुलनात्मक दृष्टि से बहुत अच्छी तरह से संचालित हो रही है। गत सत्र में विधायकों की ओर से प्रस्तुत प्रश्नों में से 92 फीसदी से अधिक के जवाब प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के उच्चाधिकारियों को इसके लिए पत्र लिखें गए हैं, ताकि भविष्य में भी विधायकों के प्रश्नों का समय पर जवाब

- **विधानसभा समितियों को जवाबदेह बनाने पर दिया जा रहा जोर**
- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की प्रेसवार्ता**

दिया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधानसभा में कई समितियां बनी हुई हैं। इन समितियों को जवाबदेही बनाने पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिए सभी संबंधितों की बैठक ली हैं तथा पत्र भी लिखे जा रहे हैं। देवनानी ने कहा कि जब सदन नहीं चल रहा होता है तब कई काम समितियों के अधीन होते हैं। हमारा उद्देश्य है कि समितियों की नियमित बैठकें हों, सदस्यगण उसमें शामिल हों, ताकि जनता से जुडे मुद्दों और कार्यों को समय पर संपादन सुनिश्चित किया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सदन में सकारात्मक एवं सृजनात्मक विषयों को बल देने के उद्देश्य से गत सत्र में नवाचार किया गया है। इसके तहत विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में हुए अच्छे कार्यों पर बोलने के लिए अवसर देने की पहल की। कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी थी। आने वालों सत्रों में इसे बढ ावा देंगे, ताकि अच्छे कामों से सदन रूबरू हो और अच्छे कामों के लिए प्रेरित हो। देवनानी ने कहा कि पहले विधानसभा से आमजन की दूरियां रही हैं। लोगों के मन में यही भावना है कि विधानसभा में सिर्फ विधायकों का प्रवेश होता है। हमने विधानसभा के साथ जन जुडाव सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा जन दर्शन की पहल की गई है। इसके तहत संपूर्ण सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए विधानसभा म्यूजियम को आमजन के लिए खोला गया है। पिछले 6 माह के दरम्यान 7 हजार से अधिक लोगों ने विधानसभा म्यूजियम देखा। इसके अलावा पर्यटन विभाग भी अपने ब्रॉशर पर विधानसभा जन दर्शन को शामिल कर रहा है। वहीं कॉलेज-स्कूलों में भी बच्चों को इससे अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग विधानसभा म्यूजियम का अवलोकन कर राजस्थान की विधायिका के गौरवशाली अतीत से रूबरू हो सकें। देवनानी ने कहा कि हाल ही विधानसभा भवन में संपन्न हुए युवा संसद कार्यऋम में युवाओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कई युवाओं ने जनहित से जुडे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर तार्किक बहस की। वहीं सत्ता पक्ष की भूमिका निभा रहे युवाओं ने भी संतोषप्रद प्रत्युत्तर दिए। इससे लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर आशान्वित व आश्वस्त हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखना सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। पक्ष-विपक्ष दोनों को इसका ध्यान रखना चाहिए।